अर्द्धवार्षिक परीक्षा–2021–22
विषय–हिन्दी
कक्षा–11वीं

समय–3:00 घण्टे पूर्णांक–80

निर्देश:–1. सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य हैं।
2. प्रश्न क्र. 01 से 05 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। जिनके लिए $1 \times 32 = 32$ अंक निर्धारित है।
3. प्रश्न क्र. 06 से 15 तक प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है। शब्द सीमा 30 शब्द है।
4. प्रश्न क्र. 16 से 19 तक प्रत्येक प्रश्न 3 अंक का है। शब्द सीमा 75 शब्द है।
5. प्रश्न क्र. 20 से 23 तक प्रत्येक प्रश्न अंक 4 का है। शब्द सीमा 120 शब्द है।

प्र.1. सही विकल्प का चयन कीजिये– $1 \times 6 = 6$

i. लता मंगेशकर जी के पिताजी का नाम था–
(अ) दीनानाथ मंगेशकर (ब) अमरनाथ मंगेशकर
(स) रामनाथ मंगेशकर (द) उमानाथ मंगेशकर

ii. प्रेमचंद जी का मूल नाम था–
(अ) धनपत राय (ब) गणपत राय
(स) रामदास राय (द) कृपाल राय

iii. मीरा के आराध्य प्रभु हैं–
(अ) राम (ब) कृष्ण (स) बलराम (द) शिव

iv. अलोपीदीन कथा का पात्र है–
(अ) नमक का दारोगा (ब) गलत लोहा
(स) स्पीति में बारिश (द) रजनी

v. हजारी प्रसाद द्विवेदी ने 'वाणी का डिक्टेटर' किसको कहा है–
(अ) कबीर दास को (ब) सूरदास को (स) नाभादास को (द) तुलसीदास को

vi. 'राजस्थान की रजत बूँदें अध्याय में किसके निर्माण पर व्याख्या प्रस्तुत की गई है–
(अ) कुंई का निर्माण (ब) दीवारों का निर्माण
(स) घरों का निर्माण (द) चौपाल का निर्माण

प्र.2. रिक्त स्थान में सही शब्द चुनकर लिखिए– $1 \times 7 = 7$

i. मियाँ नसीरूद्दीन————तरह की रोटियाँ बनाने के लिए प्रसिद्धं हैं। (56 / 36)
ii. मन्नू भंडारी द्वारा रचित पटकथा एक बहुचर्चित————है। (टी.वी.धारावाहिक / रंगमंच नाटक)
iii. भारतीय गायिकाओं में——— को बेजोड़ गायिका कहा गया है। (लता मंगेशकर / आशा भोंसले)
iv. अर्थ की दृष्टि से वाक्य के————भेद हैं। (6 / 8)
v. काव्य की शोभा बढ़ाने वाले तत्व———कहलाते है। (अलंकार / रस)
vi. भारत में पहली मूक फिल्म बनाने का श्रेय————को जाता है। (दादा साहेब फालके / आर.डी.वर्मन)
vii. जिसके समान कोई दूसरा ना हो————कहलाता है। (अद्वितीय / अविश्वसनीय)

प्र.3. सही जोड़ी बनाइए– (6)

| 'अ' | 'ब' |
|---|---|
| i. 'राजस्थान की रजत बूँदे' | – (क) विधि वाचक |
| ii. 'जनसंचार का माध्यम' | – (ख) गजानन माधव मुक्तिबोध |
| iii. 'एक साहित्यिक की डायरी' | – (ग) धीरे–धीरे |
| iv. 'वे ऑखें' | – (घ) अनुपम मिश्र |
| v. वाक्य का प्रकार | – (ङ.) इंटरनेट |
| vi. पुनरूक्ति प्रकाश अलंकार | – (च) सुमित्रानंदन पंत |
| | – (छ) शेखर जोशी |
| | – (ज) संपादन |

https://www.mpboardonline.com

प्र.4. सत्य या असत्य लिखिए– 1 × 6 = 6

i. स्पीति हिमाचल प्रदेश के लाहुल–स्पीति जिले की तहसील है।
ii. 'बीजक' सूरदास जी की रचना है।
iii. सुमित्रानंदन पंत छायावाद के महत्वपूर्ण स्तंभ हैं।
iv. भारत में टेलीविजन की शुरूआत 15 सितंबर 1959 को हुई।
v. भागीरथी, मंदाकिनी, सुरसारि इत्यादि शब्द "गंगा" के पर्यायवाची हैं।
vi. 'अश्रु' शब्द का तद्भव आँख हैं।

प्र.5. एक वाक्य में उत्तर लिखिए– 1 × 7 = 7

i. पालर पानी और पातालपानी के बीच का तीसरा रूप कौन सा है ?
ii. छंद कितने प्रकार के होते है ?
iii. रस के कितने अंग है ?
iv. जनसंचार के कोई तीन माध्यम लिखिए।
v. "मेरे तो गिरधर गोपाल" पंक्ति किस कवयित्री की है ?
vi. 'गलता लोहा' गद्य की कौन सी विधा है ?
vii. दोहा में कुल कितनी मात्राएँ होती हैं ?

प्र.6. मीरा कृष्ण की उपासना किस रूप में करती थीं ? (2)

अथवा

सूर्योदय वर्णन के लिए किस तरह के बिंबो का प्रयोग हुआ है ?

प्र.7. भक्तिकाल की दो विशेषताएँ लिखिए। (2)

अथवा

आदिकाल (वीरगाथा काल) की दो विशेषताएँ लिखिए।

प्र.8. धनराम मोहन को अपना प्रतिद्वन्दी क्यों नहीं समझता था ? (2)

अथवा

इतिहास में स्पीति का वर्णन नहीं मिलता। क्यों ?

प्र.9. कहानी के तत्वों के नाम लिखिए। (2)

अथवा

गद्य की कोई चार विधाओं के नाम लिखिए।

प्र.10. लता जी की गायकी की किन्हीं दो विशेषताओं का वर्णन कीजिए। (2)

अथवा

राजस्थान में कुंई किसे कहा जाता है ?

प्र.11. जनसंचार माध्यम किसे कहते है ? (2)

अथवा

पत्रकारिकता क्या है ? स्पष्ट कीजिए।

प्र.12. छंद की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। (2)

अथवा

अलंकार कितने प्रकार के होते है ? नाम लिखिए।

प्र.13. वाक्य शुद्ध करके लिखिए– (2)

(क) गीता सबसे श्रेष्ठतम धर्म ग्रंथ है।
(ख) मेरे को आपकी परीक्षा लेना है।

अथवा

रचना की दृष्टि से वाक्य के कितने भेद है ? नाम लिखिए।

प्र.14. शब्द शक्ति कितने प्रकार की होती है ? उदाहरण सहित लिखिए। (2)

अथवा

शब्द गुण किसे कहते है ? उदाहरण सहित लिखिए।

प्र.15. निर्देशानुसार वाक्य परिवर्तित कर लिखिए। (2)

(क) सचिन आज मथुरा जाएगा। (निषेधवाचक)
(ख) दरवाजे पर शायद कोई आया है। (प्रश्नवाचक)

https://www.mpboardonline.com

अथवा

निषेधवाचक वाक्य की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।

प्र.16. प्रेमचंद अथवा शेखर जोशी का परिचय निम्न बिंदुओ के अंतर्गत लिखिए– (3)

(क) दो रचनाएँ (ख) भाषा (ग) शैली

प्र.17. कबीर दास अथवा सुमित्रनंदन पंत का परिचय निम्न बिंदुओं के अंतर्गत लिखिए– (3)

(क) दो रचनाएँ (ख) भावपक्ष (ग) कलापक्ष

प्र.18. निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए– (3)

(i)कान का कच्चा होना। (ii) तिल का ताड़ बनाना। (iii) आग में घी डालना

अथवा

मुहावरे एवं लोकोक्ति में कोई तीन अंतर लिखिए।

प्र.19. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए– (3)

संस्कार ही शिक्षा है, शिक्षा मानव को मानव बनाती है। आज के भौतिकवादी युग में शिक्षा का मुख्य उद्देश्य सुख पाना रह गया है। अंग्रेजों ने इस देश में अपना शासन व्यवस्थित रूप से चलाने के लिए ऐसी शिक्षा को उपयुक्त समझा, किंतु यह विचारधारा हमारी मान्यता के विपरीत है। आज की शिक्षा प्रणाली एकांकी है, उसमें व्यवहारिकता का आभाव और काम के प्रति निष्ठा नहीं है। प्राचीन शिक्षा प्रणाली में अध्यात्मिक एवं व्यवहारिक जीवन की प्रधानता थी। यह शिक्षा केवल नौकरी के लिए ही नहीं, जीवन को सही दिशा प्रदान करने के लिए भी थी। अतः आज के परिवेश में यह आवश्यक हो गया है कि इन दोषों को दूर किया जाए अन्यथा यह दोष हमारे समाजिक जीवन को निगल जाएगा।

प्रश्नः–

i. उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए।

ii. गद्यांश का सारांश अपने शब्दों में लिखिए।

iii. भौतिकवादी युग से क्या तात्पर्य है ?

अथवा

निम्नलिखित अपठित पद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

"श्रम" होता है सबसे अमूल्य धन,
सब जन खूब कमाते।
सब अंशक रहते आभाव से,
सब इच्छित सुख पाते।
राजा–प्रजा नहीं कुछ होता,
होते मात्र मनुज ही।
भाग्य लेख होता न मनुज का,
होता कर्मठ भुज ही।

प्रश्नः–

i. उपर्युक्त पद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

ii. सबसे अमूल्य धन कौन–सा हैं ?

iii. उपर्युक्त पद्यांश के आधार पर कर्मठ कौन होता है ?

प्र.20. निम्नलिखित पद्यांश का संदर्भ–प्रसंग सहित भावार्थ लिखिए– (4)

मेरे तो गिरिधर गोपाल, दूसरो न कोई
जा के सिर मोर–मुकुट, मेरो पति सोई
छांड़ि दई कुल की कानि, कहा करिहै कोई ?
संतन ढिग बैठि–बैठि, लोक–लाज खोई
अंसुवन जल सींचि–सींचि, प्रेम–बेलि बोयी
अब ता बेलि फैलि गई, आणंद–फल होयी।
दूध की मथनियाँ बड़े प्रेम से विलोयी,
दधि मथि घृत काढ़ि लियों, डारि दयी छोयी

https://www.mpboardonline.com

अथवा

आज पानी गिर रहा है,
बहुत पानी गिर रहा है,
रात भर गिरता रहा है,
प्राण मन घिरता रहा है,
बहुत पानी गिर रहा है,
घर नजर में तिर रहा है,
घर की मुझसे दूर है जो,
पर खुशी का पूर है जो,

प्र.21. निम्नलिखित गद्यांश की संदर्भ–प्रसंग सहित व्याख्या लिखिए– (4)

हिंदुस्तान के नदी और पहाड़, जंगल और खेत, जो अन्न देते हैं, ये सभी हमें अजीज हैं। लेकिन आखिरकार जिनकी गिनती है, वे हैं हिंदुस्तान के लोग, उनके और मेरे जैसे लोग, जो इस सारे देश में फैले हुये हैं। भारत माता दरअसल यहीं करोड़ों लोग हैं, और "भारत माता की जय!" से मतलब हुआ इन लोगों की जय का।

अथवा

तर्क से हम किसी चीज को भले सिद्ध कर सकें, स्पीति में रहने को नहीं सिद्ध कर सकते। लेकिन तर्क का इतना मोंह क्यों ? ज्यादा करके संसार और निर्वाण अतर्क्य है। तर्क से परे है।

प्र.22. नगर पालिका/नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी को अपने मोहल्ले की गदंगी को साफ करने हेतु एक आवेदन–पत्र लिखिए। (4)

अथवा

अपने छोटे भाई को (जो दूसरे शहर में रहकर पढ़ाई कर रहा है) कोविड–19 से सतर्क रहने हेतु पत्र लिखिए।

प्र.23. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 120 शब्दों में सारगर्भित निबंध लिखिए– (4)

i. प्रदूषण : एक समस्या।
ii. शिक्षा : एक नई चुनौती।
iii. जल संरक्षण : आज की आवश्यकता।
iv. वर्तमान परवेश और कोविड–19।
v. समाचार पत्रो की उपयोगिता।

––00––

**https://www.mpboardonline.com**
**Whatsapp @ 9300930012**
**Send your old paper & get 10/-**
**अपने पुराने पेपर्स भैजे और 10 रुपये पायें,**
**Paytm or Google Pay से**

https://www.mpboardonline.com